**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 09.06.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रव्यापी समारोहों का शुभारंभ करेंगे।

2. ओन्गी समुदाय के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान और वन धन योजना के तहत वन धन विकास केंद्र की स्थापना की गई है।

3. कृषि विज्ञान केंद्र, कार निकोबार की ओर से बिग लापाती में विश्व महासागर दिवस और खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया।

4. नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आज से ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रव्यापी समारोहों का शुभारंभ करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित गर्भावस्था और मातृत्व को सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जून 2016 को इस योजना की शुरुआत की थी, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण प्रसव–पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं। समारोह के दौरान श्री नड्डा 75 रुपये का स्मारक सिक्का और 5 रुपये का डाक टिकट भी जारी करेंगे। इस अवसर पर द्वीपसमूह के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष स्क्रीनिंग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विशेष 'आयुष्मान आरोग्य शिविर' भी आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

जनजातीय कार्य मंत्रालय के दूरदर्शी प्रधानमंत्री जनमन – प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान और वन धन योजना के तहत, लिटिल अंडमान के ओन्गी समुदाय के लिए डुगोंग क्रीक में एक वन धन विकास केंद्र की स्थापना की गई है। इस VDVK को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत किया गया है, जिसका उद्देश्य टिकाऊ आय–सृजन गतिविधियों के माध्यम से ओन्गी समुदाय की आजीविका में सुधार करना है। इस वन धन विकास केंद्र को चलाने के लिए 56 ओन्गी सदस्यों को मिलाकर सात स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। ये सदस्य क्षेत्र में उपलब्ध नारियल संसाधनों का उपयोग करके कोपरा और नारियल तेल जैसे मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करने के काम में लगे हुए हैं। भारत सरकार ने इस केन्द्र की स्थापना के लिए 2.80 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। समुदाय के सदस्यों को प्रशिक्षण के साथ टूलकिट भी वितरित किए गए। उच्च गुणवत्ता वाले नारियल तेल के उत्पादन को सक्षम बनाने के लिए डुगोंग क्रीक में एक आधुनिक कोल्ड–प्रेस नारियल तेल निष्कर्षण मशीन स्थापित की गई है।

<><><><><><><>

गैर सरकारी संगठन विथ यू ने समाज कल्याण निदेशालय के तहत वन स्टॉप सेंटर के सहयोग से दक्षिण अंडमान जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम और

वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर मीनल राजन ने सत्र का संचालन किया। उन्होंने पॉश अधिनियम के प्रावधानों, कर्मचारियों और नियोक्ताओं के अधिकारों व जिम्मेदारियों, आंतरिक समितियों की भूमिका और कार्यस्थल पर उत्पीड़न की शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की ओर से दी जाने वाली सेवाओं पर भी जानकारी दी गई। विद यू की अध्यक्षा ने सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पॉश अधिनियम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर विशेष बल दिया।

<><><><><><><>

मायाबंदर तहसील के अंतर्गत आने वाली पानीघाट स्थित हायरिंग पावर हाउस की चौथी यूनिट के चालू होने तक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस यूनिट को ठीक होने में लगभग 10 दिन का समय लग सकता है। इस अवधि के दौरान 17 जून तक चैनपुर, कर्माटांग, दानापुर, रामपुर, धोबी डेरा, पोकाडेरा, टुगापुर और मायाबंदर बाज़ार में एक–एक घंटे की बारी–बारी से बिजली कटौती की जाएगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र, निकोबार की ओर से कल कार निकोबार के बिग लापाती गांव में विश्व महासागर दिवस और खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईसीएआर–अटारी, कोलकाता के निदेशक डॉ. प्रदीप डे मुख्य अतिथि, श्री विजयपुरम के निदेशक डॉ. जय सुंदर विशिष्ट अतिथि और बिग लापाती गांव के कप्तान मैनुआ थॉमस सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में पशुपालन, कृषि, मत्स्य पालन और वन विभाग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि, ने भावी पीढ़ियों के लिए महासागरों की रक्षा और प्राकृतिक संसाधनों को संजोने के महत्व पर बल दिया। निदेशक डॉ. जय सुंदर ने सतत विकास के लिए महासागरों, जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस उत्सव के हिस्से के रूप में, समुद्र तट पर स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जून माह में ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविरों के आयोजन किए जाएंगे। शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा। दक्षिण अंडमान के बिडनाबाद में आज और कल, तथा मध्योत्तर अंडमान के डिगलीपुर में कल शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर 25 जून तक चलेगा। इन विशेष शिविरों के दौरान नागरिकों से आधार से जुड़े कार्यों को पूरा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

तटीय सुरक्षा जागरूकता और समुद्री सतर्कता को बढ़ावा देने के लिए तालबागान में कालीघाट थाना प्रभारी, उप–निरीक्षक शिबेंद्र हलदर ने फिशरमेन वॉच ग्रुप के साथ बैठक कर बातचीत की। बैठक के दौरान मछुआरों को तटीय सुरक्षा उपायों, समुद्री सतर्कता और समुद्र या तटीय रेखा पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर, अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों और समुद्री सुरक्षा में बहुमूल्य योगदान देने वाले

मछुआरों को पुलिस मुख्यालय द्वारा स्वीकृत प्रशंसा पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। मछुआरों ने इस पहल की सराहना करते हुए तटीय सुरक्षा बनाए रखने व समुद्र में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस के साथ अपना सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। बैठक में क्षेत्र के लगभग 50 मछुआरों सहित स्थानीय सागर मित्रों, ग्राम पंचायत पश्चिमसागर के प्रधान और पीएमएफ कर्मियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए बी.ए. एलएल.बी. के पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पोर्टल खुल चुके हैं। यह पाठ्यक्रम डीम्ड विश्वविद्यालय, के घटक कॉलेज, अंडमान लॉ कॉलेज द्वारा संचालित किया जा रहा है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून शाम 4 बजे तक है। इच्छुक उम्मीदवार सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों से प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए कॉलेज की ई–प्रोस्पेक्टस डाउनलोड करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने ज़िला परामर्शदाता के पदों पर अनुबंध के आधार पर एक वर्ष की भर्ती के लिए चयनित और प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों के परिणामों की घोषणा कर दी है। उम्मीदवारों की सूची प्रशासन और विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चिड़ियाटापू के मुंडा पहाड़ समुद्र तट पर बीच योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टरों, योग प्रशिक्षकों और एएनएम और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। सत्र के दौरान शारीरिक फिटनेस, मानसिक कल्याण और तनाव प्रबंधन को बढ़ावा देने वाले विभिन्न योग अभ्यासों का संचालन किया गया।

<><><><><><><>